



सीडीएस बिपिन रावत


गौरा देवी


वीर चंद्र सिंह गढ़वाली


श्रीदेव सुमन


माधो सिंह भंडारी


पुरोधा पुरिया नैथाणी


तीलू रौतेली

# गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) दिल्ली (स्थापित 1923)

# गौरवपूर्ण इतिहास के 100 वर्ष

GHS
ESTD 1923

# महासमिति की बैठक में महासचिव की रिपोर्ट

(रविवार, दिनांक : 24 दिसम्बर, 2023)

गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) नई दिल्ली
100 शताब्दी वर्ष
1923-2023

# गौरवपूर्ण इतिहास के 100 वर्ष

**गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.1923)** उत्तराखण्ड की अति प्राचीन एवं गढ़वाली समाज की प्रतिष्ठित संस्था है। जिसके हम सब गौरवमय 100वें वर्ष में प्रवेश होने पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। उपरोक्त सभा का गठन **देश की आजादी से पूर्व शिमला** में वर्ष 1923 में हमारे पूर्वजों एवं वरिष्ठ समाजप्रेमियों की सकारात्मक एवं रचनात्मक सोच एवं पुरुषार्थ का ही परिणाम है। जो **आज देश की राजधानी दिल्ली** के दिल में **गढ़वाल भवन** (**वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली चौक**, पंचकुईंया रोड़,समीप झंडेवालान मेट्रो स्टेशन,नई दिल्ली) के स्वरूप में विद्यमान है। और समस्त गढ़वाल समाज के लिए **पितृ-प्रसाद** स्वरूप है। सभा अपने **100वें वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा** के शुभअवसर पर अपने समस्त **पूर्वजों** एवं **समस्त सम्मानित आजीवन सदस्यों को कोटि-कोटि नमन करती है। गढ़वाल हितैषिणी सभा का 100वां वर्ष निश्चित रूप से कई मायने में ऐतिहासिक है।**

**सम्पूर्ण देश स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आजादी का अमृत-महोत्सव मना रहा है।** और **सभा** आप सबके सहयोग से **अमृत महोत्सव** के शुभ अवसर पर आगामी **29 अक्टूबर**,रविवार एवं **25 नवम्बर**, शनिवार को तालकटोरा स्टेडियम में ऐतिहासिक शताब्दी गढ़-महोत्सव का भव्य एवं विशाल आयोजन करने जा रहा है। जिसमें **उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति, लोक कला, लोकसाहित्य, लोकभाषा, स्मारिका एवं गढ़वाल हितैषिणी सभा के गौरवपूर्ण इतिहास के 100 वर्ष की यात्रा पर चित्र प्रदर्शनी एवं लघु फिल्म प्रदर्शित की जायेगी।** तथा समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों एवं सभा के वरिष्ठतम आजीवन सदस्यों को सभा सम्मानित करेगी।

उपरोक्त गढ़-महोत्सव महायज्ञ को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु आपकी गरिमामय उपस्थिति एवं सहयोग प्रार्थनीय है।

## गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.1923) की कल्पवृक्ष रूपी शाखा की गौरवपूर्ण झलक

बीसवीं शताब्दी के दूसरे दशक का काल भारत के इतिहास में ब्रिटिश दासता से मुक्ति के साथ व्यापक जनचेतना के जागरण और राजनैतिक आन्दोलन का संघर्षपूर्ण काल था। स्वातंत्र्य समर की बागडोर पूर्णतः सत्य, अहिंसा और प्रेम का नारा देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हाथों में थी। 1920 में गांधी जी द्वारा संचालित असहयोग आन्दोलन में एक सामूहिक यज्ञ के समान समस्त भारत के सभी क्षेत्रों, समाजों एवं वर्गों की सक्रिय सहभागिता थी। गढ़वाली समाज की भी इस आन्दोलन में पूर्ण भागीदारी रही, उस समय अंग्रेजी हुकुमत थी।

भारत सरकार 6 माह दिल्ली एवं 6 माह शिमला से कार्य करती थी। ऐसे वातावरण में शिमला शहर में चन्द प्रवासी गढ़वालियों के सफल प्रयासों से 'गढ़वाल सर्व हितैषिणी सभा' का गठन राय साहब पूरनमल की धर्मशाला में 1923 में शिमला में किया गया। तत्कालीन आवश्यकताओं में सभा का प्रमुख उद्देश्य प्रवासी गढ़वालियों को परस्पर संगठित करना एवं उनकी प्रगति हेतु प्रयास करना था।

गढ़वाल हितैषिणी सभा के गठन के उपरान्त इसके लिए एक व्यवस्थित स्थल अथवा भवन निर्माण की सोच के पीछे भी हमारे दूरदर्शी और पराक्रमी पूर्वजों का उद्देश्य समाज को संगठित करना ही था, केवल मात्र संगठित करना ही नहीं अपितु गढ़वाल की संस्कृति, वहां के जीवन मूल्य, लोकसाहित्य एवं लोककलाओं का संरक्षण, संवर्धन और प्रचार- प्रसार भी सभा के लक्षित उद्देश्यों में निहित था।

1940 में सभा के दूरदर्शी और पुरुषार्थी संस्थापकों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने इस बात का निश्चय किया कि देश की राजधानी में गढ़वाल हितैषिणी सभा का एक अपना कार्यालय भवन हो, जहां बैठकर समय-समय पर समाज की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया जा सके, प्रवासी लोग अपने सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्वों को परंपरागत तरीकों से मना सकें। स्वाभाविक है कि ऐसे भवन या स्थान के हो जाने के पश्चात अनेक प्रकार से इसका सदुपयोग ही सबका लक्ष्य था। जब इच्छाशक्ति और सद्संकल्प हो, तो सब संभव हो जाता है। निरंतर कार्यालय के लिए एक स्थल की मांग के साथ सभा के अथक प्रयास से 1941 में वह शुभ-बेला उपस्थित हुई जब रिज रोड, मन्दिर मार्ग पर 'गढ़वाल क्लब' के लिए आधा एकड़ भूमि सरकार के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को साकार करने का श्रेय पी. मेसन साहब (आई.सी.एस.) को जाता है, जो गढ़वाल के पूर्व डिप्टी कमिशनर थे। 1945 में सभा को आवंटित यह स्थल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आग्रह पर हरिजन बस्ती को दे दिया गया। इसके उपरान्त सरकार की ओर से 1953 में सभा को पूसा रोड में भूमि आवंटित की गई। बाद में पूसा रोड वाली जमीन भी किसी विद्यालय भवन की स्थापना के निमित्त दे दी गई। अंततः 1956 में सभा को पंचकुइयां रोड स्थित वर्तमान स्थल, लगभग 0.306 एकड़ आवंटित किया गया। सभा सदस्यों के अथक प्रयत्न से 24 अक्टूबर, 1958 को भवन के भूखंड के नक्शे की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। गढ़वाल समाज के कर्मठ एवं जुझारू वरिष्ठ समाज सेवकों के पुरुषार्थ से लगभग वर्ष 1967 तक भवन निर्माण कार्य सम्पन्न हुआ। जिस पर आज हमारा ऐतिहासिक 'गढ़वाल भवन' विद्यमान है। और समय-समय पर आज तक गढ़वाल भवन से जुड़े समस्त सम्मानित आजीवन सदस्य अपने-अपने कार्यकाल में अपनी सामर्थ्यानुसार सौन्दर्यीकरण का कार्य कर रहे है।

**गढ़वाल हितैषिणी सभा, गढ़वाली समाज एवं देश की अनेक प्राकृतिक एवं राष्ट्रीय आपदाएं जैसे (चमोली भूकंप, उड़ीसा त्रासदी, गुजरात के कच्छ, भुज एवं अन्य शहर) में अपनी सामर्थ्यानुसार तन-मन-धन से सहयोग भी किया और प्रधानमंत्री राहत कोष में सम्मान जनक अनुदान भी दिया। विगत सौ वर्षो में समाज को जोड़ने व उसकी एकता बनाए रखने के लिए सभा ने समाज एवं राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जो सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।** परन्तु समाज हम सब से आशा करता है। कि हमारी आने वाली पीढ़िया, पूर्वजों की संजोई इस अनमोल धरोहर को इसकी प्रतिष्ठा के अनुरूप अगली शताब्दियों में ससम्मान प्रवेश कराएगी।

गढ़वाल हितैषिणी सभा समाज के सभी सम्मानित महानुभावों को सप्रेम सपरिवार सादर आमंत्रित करती है। तथा उपरोक्त ऐतिहासिक शताब्दी गढ़-महोत्सव के भव्य आयोजन हेतु आपके एवं आपके द्वारा सहयोग की अपेक्षा करती है।

सादर

**गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) दिल्ली**

वीर चंद्र सिंह गढ़वाली चौक, पंचकुइया रोड, नई दिल्ली

# गौरवपूर्ण इतिहास के 100 वर्ष

स्थापित-1923

# गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) दिल्ली

GARHWAL HITESHINI SABHA ( REGD.) DELHI

## महासमिति की बैठक

GENERAL BODY MEETING

## महासचिव की रिपोर्ट

रविवार, दिनांक : 24 दिसम्बर, 2023

समय :10:00 बजे प्रातः

स्थान: गढ़वाल भवन, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली चौक, पंचकुइयां रोड़, नई दिल्ली-110001

Website : www.garhwalhiteshnisabha.com Email : garhwalhiteshnisabha@gmail.com
Mob: 9911036508, 9211310101

# गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) दिल्ली

स्थापित – 1923

GARHWAL HITESHINI SABHA (REGD.) DELHI

Mob.: 9911036508, 9211310101, Website : www.garhwalhiteshnisabha.com • Email : garhwalhiteshinisabha@gmail.com



अध्यक्ष
**अजय सिंह बिष्ट**
9911036508

उपाध्यक्ष
**जय सिंह राणा**
9717312038

महासचिव
**मंगल सिंह नेगी**
9211310101

सचिव
**दीपक द्विवेदी**
9999090307

कोषाध्यक्ष
**गुलाब सिंह जयाड़ा**
9810029759

उप–कोषाध्यक्ष
**अनिल कुमार पंत**
9818342205

संगठन सचिव
**मुरारी लाल खंडूड़ी**
8826903011

सांस्कृतिक सचिव
**संयोगिता ध्यानी**
9350118088

साहित्यिक सचिव
**मनोरमा भट्ट**
9910311867

खेल सचिव
**भगवान सिंह नेगी**
9811116282


**पत्रांक–: ग.हि.स. / 06 / 2023 / 673** **दिनांक–21.11.2023**

## महासमिति बैठक की सूचना

गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) दिल्ली, महासमिति की बैठक **रविवार, दिनांक 24 दिसंबर, 2023 को प्रातः 10:00 बजे** से सभा मुख्यालय गढ़वाल भवन, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली चौक, पंचकुईयां रोड़, नई दिल्ली–110001 में आहूत होनी सुनिश्चित हुई है।

**बैठक की कार्यसूची (Agenda) निम्नांकित है ।**

1. माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्षीय संबोधन ।
2. महासचिव द्वारा महासमिति की पिछली बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि एवं नवंबर 2022 से नवंबर 2023 तक किये गये कार्यो को महासचिव की रिपोर्ट के तहत सभा पटल पर रखना व अनुमोदन ।
3. कोषाध्यक्ष द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 की अंकेक्षित (Audited) बैलेंस शीट और 01.04.2023 से 30.11.2023 तक आय–व्यय की अंतरिम रिपोर्ट महासमिति के अवलोकन एवं पुष्टि हेतु प्रस्तुत करना।
4. कार्यकारिणी द्वारा की गई कार्यकारी महासचिव की नियुक्ति को महासमिति से पुष्टि।
5. कोई भी आजीवन सदस्य यदि कोई प्रस्ताव जो एजेंडा में शामिल कराना चाहते हैं कृपया बैठक से 10 दिन पूर्व (14 दिसम्बर, 2023) तक महासचिव को या गढ़वाल हितैषिणी सभा कार्यालय में भेज दें।
6. अन्य कोई विषय अध्यक्ष जी की अनुमति से ।

महासमिति की बैठक में आप सभी ग.हि. सभा के आजीवन सदस्य सादर आमंत्रित हैं। कृपया समय पर पधारकर बैठक को सफल बनायें ।

**शताब्दी वर्ष की हार्दिक सुभकामनायें।**

(मंगल सिंह नेगी)
**महासचिव (कार्यकारी)**

**सूचनार्थः**

1. सभा के सभी सम्मानीय सदस्यों को।
2. सभा के सूचना पट पर।
3. सभा की वेबसाइट एवं अधिकृत सोशल साइट पर।
4. डिजिटल भारत के दौर में सोशल साइट की सूचना को ही अंतिम समझा जाय।

**नोटः** लंच दोपहर 2:00 बजे

(मंगल सिंह नेगी)
**महासचिव (कार्यकारी)**

# महासचिव की रिपोर्ट....

महासमिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) दिल्ली, के माननीय अध्यक्ष श्री अजय सिंह बिष्ट पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य एवं सभागार में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यगण, आप सभी का महासमिति की वार्षिक बैठक में हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत है।

आप सभी प्रबुद्धजनों के सम्मुख सभा की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पूर्व मैं पिछले एक वर्ष में दिवंगत हुए गढ़वाल हितैषिणी सभा के कुछ सदस्यों एवं उनके परिजनों के प्रति अपनी भाव–भीनी श्रंद्धाजलि अर्पित करता हूं। प्रभु उन दिव्य आत्माओं को शांति और मोक्ष दे तथा परिवारजनों को यह असहाय पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें।

सभा उन सभी दिवंगत आत्माओं के नामों का उल्लेख कर रही है जो नवंबर 2022 से अब तक की अवधि के मध्य दिवंगत हुए व जिन विभूतियों की सूचना सभा को प्राप्त हुई है उनके नाम इस प्रकार हैं

1. स्वर्गीय पं. महिमानंद द्विवेदी जी –पूर्व अध्यक्ष ग.हि.सभा
2. स्वर्गीय मनमोहन बुड़ाकोटी जी –पूर्व अध्यक्ष ग.हि.सभा
3. पूर्व अध्यक्ष ग.हि.सभा श्री विक्रम अधिकारी जी की माता जी
4. स्वर्गीय चंद्रपाल सिंह रावत जी –पूर्व महासचिव ग.हि.सभा
5. आजीवन सदस्य स्वर्गीय आजाद सिंह रावत जी
6. आजीवन सदस्य श्री श्रीकृत सिंह रावत जी की धर्मपत्नी
7. आजीवन सदस्य श्री करन बुटोला जी की माता जी
8. आजीवन सदस्य श्री रामशरण धस्माना जी की धर्मपत्नी
9. आजीवन सदस्य श्री बिजेन्द्र सिंह रावत जी की माता जी
10. आजीवन सदस्य स्वर्गीय त्रिलोक सिंह सजवाण
11. आजीवन सदस्य स्वर्गीय आनंद सिंह बिष्ट जी
12. आजीवन सदस्य स्वर्गीय वीर सिंह बिष्ट जी
13. आजीवन सदस्य स्वर्गीय सतीश खंडूरी जी
14. आजीवन सदस्य श्री लखपत सिंह पंवार जी की माता जी
15. देश की सरहदों पर शहीद हुए हमारे वीर जवान
16. उत्तराखंड सरकार में रहे पूर्व मंत्री स्वर्गीय मोहन सिंह गांववासी

**सभी दिवंगत पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि स्वरुप 2 मिनट का मौन**

**सभा पदाधिकारीगणः—**

1. श्री अजय सिंह बिष्ट — अध्यक्ष
2. श्री जय सिंह राणा — उपाध्यक्ष
3. श्री मंगल सिंह नेगी—महासचिव (कार्यकारी)
4. श्री दीपक द्विवेदी — सचिव
5. श्री गुलाब सिंह जयाड़ा —कोषाध्यक्ष
6. श्री अनिल कुमार पंत — उप—कोषाध्यक्ष
7. श्री मुरारी लाल खंडूड़ी— संगठन सचिव
8. श्रीमती संयोगिता ध्यानी—सांस्कृतिक सचिव
9. श्रीमती मनोरमा भट्ट—साहित्यिक सचिव
10. श्री भगवान सिंह नेगी— खेल सचिव

**कार्यकारिणी सदस्यः—**

1. श्री आजाद सिंह नेगी
2. श्री अर्जुन सिंह राणा
3. श्री धीरेंद्र सिंह रावत
4. श्री देवेश नौटियाल
5. श्री जगत सिंह पंवार
6. श्री जोत सिंह भंडारी
7. श्री राम स्वरूप कंसवाल
8. श्री रूपचंद बरोली
9. श्री राजेश्वर प्रसाद शर्मा
10. श्री लखपत सिंह नेगी
11. श्री सुधीश नेगी
12. श्री शीशपाल सिंह अधिकारी
13. श्री विकास चमोली
14. श्रीमती यशोदा घिल्डियाल
15. श्री जयलाल नवानी

**मनोनीत सदस्यः—**

1. श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी
2. श्री देवेन्द्र गोसांई
3. श्री बलबीर सिंह रावत
4. श्री त्रिलोक रावत
5. श्री हरि दत्त भट्ट

**वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा गठित उप समितियांः—**

11 दिसम्बर, 2021 में गठित कमेटियों को निरस्त कर मई, 2023 नई कमेटियों का पुनर्गठन किया गया जो निम्न प्रकार है।

**1. मीडिया प्रचार समितिः—**

(i) श्रीमती संयोगिता ध्यानी— चेयरपर्सन
(ii) श्री जोत सिंह भंडारी — सदस्य
(iii) आजाद सिंह नेगी—सदस्य
(iv) श्री रूपचंद बरोली — सदस्य
(v) श्री लखपत सिंह नेगी —सदस्य

**2. भवन रख—रखाव एवं परचेज समितिः—**

(i) श्री मुरारी लाल खंडूड़ी —चेयरपर्सन
(ii) श्री गुलाब सिंह जयाड़ा —सदस्य
(iii) श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी —सदस्य
(iv) श्री आजाद सिंह नेगी — सदस्य
(v) श्री विकास चमोली —सदस्य
(vi) श्री जोत सिंह भंडारी — सदस्य
(vii) श्री जय लाल नवानी —सदस्य

**3. आर्थिक सहायता समितिः–**

(i) श्री मुरारी लाल खंडूड़ी – चेयरपर्सन
(ii) श्री हरि दत्त भट्ट –सदस्य
(iii) श्री गुलाब सिंह जयाड़ा – सदस्य
(iv) श्री धीरेंद्र सिंह रावत –सदस्य

**4. शिक्षा समितिः–**

(i) श्रीमती मनोरमा भट्ट –चेयरपर्सन
(ii) श्री अनिल पंत–सदस्य

**5. सांस्कृतिक समिति ः–**

(i) श्रीमती संयोगिता ध्यानी – चेयरपर्सन
(ii) श्री आजाद सिंह नेगी –सदस्य
(iii) श्रीमती यशोदा घिल्डियाल– सदस्य
(iv) श्री रूपचंद बरोली –सदस्य

**6. खेल समिति ः–**

(i) श्री भगवान सिंह नेगी– चेयरपर्सन
(ii) श्री दीपक द्विवेदी –सदस्य
(iii) श्री सुधीश नेगी – सदस्य
(iv) श्री देवेंद्र गोसांई –सदस्य

**7. स्वास्थ्य समितिः–**

(i) श्री अजय सिंह बिष्ट – चेयरपर्सन
(ii) श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी –सदस्य
(iii) श्री बलबीर सिंह रावत– सदस्य
(iv) श्री त्रिलोक रावत –सदस्य

**8. लीगल समितिः–**

(i) श्री भगवान सिंह नेगी –चेयरपर्सन
(ii) श्री गुलाब सिंह जयाड़ा – सदस्य
(iii) श्री जोत सिंह भंडारी –सदस्य
(iv) श्री जयलाल नवानी –सदस्य
(v) श्री सुधीश नेगी –सदस्य

**9. प्रशासनिक समितिः–**

(i) श्री मंगल सिंह नेगी –चेयरपर्सन
(ii) श्री दीपक द्विवेदी– सदस्य
(iii) श्री गुलाब सिंह जयाड़ा– सदस्य
(iv) श्री सुधीश नेगी –सदस्य
(v) श्री धीरेंद्र सिंह रावत–सदस्य

**10. सदस्यता सूची संशोधन समितिः–**

(i) श्री जय सिंह राणा– चेयरपर्सन
(ii) श्री जोत सिंह भंडारी –सदस्य
(iii) श्री अर्जुन सिंह राणा– सदस्य
(iv) श्री रुप चंद बरोली – सदस्य
(v) श्री लखपत सिंह नेगी –सदस्य
(vi) श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी – सदस्य

**11. आंतरिक लेखा निरीक्षकः–**

श्री नारायण सिंह रावत

**सलाहकार मंडल के सदस्य :–**

सर्वश्री विक्रम सिंह अधिकारी, गंभीर सिंह नेगी, सूरत सिंह रावत, महावीर सिंह राणा, महादेव प्रसाद बलोनी, डॉ. केदार सिंह, दीप प्रकाश भट्ट, श्रीकृत सिंह रावत, जवाहर सिंह नेगी, अषाड़ सिंह अधिकारी, खेमराज कोठारी, दिनेश ध्यानी, एडवोकेट उर्मिल नौटियाल, जितेंद्र सजवाण, द्वारिका प्रसाद भट्ट, कुशाल सिंह बिष्ट, सुरेशानंद बसलियाल, हर्ष वर्धन खंडूड़ी, नारायण सिंह रावत, यू.एस.नेगी, महावीर सिंह केमवाल, भगत सिंह नेगी, रामचंद्र सिंह भंडारी, टी.एस. भंडारी, रामेश्वर प्रसाद गोस्वामी, डॉ. शिवानंद डंगवाल, ओ.पी.जोशी, बी.एन.शर्मा, प्रेम सिंह चौहान, महावीर सिंह नेगी, डॉ. सुवर्ण रावत, राम प्रसाद ध्यानी, बासवानंद ढौंडियाल, डॉ. विनोद बछेती, उमा कांत लखेड़ा, सुनील नेगी, योगेश भट्ट, राम प्रसाद भदोला, रामशरण ढौंडियाल, पृथ्वी सिंह केदारखंडी, मगन सिंह पटवाल, राजेंद्र प्रसाद तिवाड़ी, दान सिंह कुंवर, डॉ. एस.एस.रावत, एडवोकेट बद्री प्रसाद अंथवाल, एडवोकेट जसवंत सिंह रावत, एडवोकेट कुलदीप परिहार, भूपाल सिंह, रणवीर सिंह पुंडीर, ललित ढौंडियाल, जबर सिंह कैंतुरा, बच्चन सिंह धनोला, योगंबर सिंह सजवाण, दिनेश डोभाल, महिमा नंद दरमोड़ा, नारायण दत्त लखेड़ा, हीरामणी पोखरियाल, मधुकर द्विवेदी, सुशीला रावत, ललिता रावत, बृजमोहन शर्मा, नरेन्द्र सिंह रावत, रतन सिंह रावत, डॉ. बलबीर सिंह पंवार, राम सिंह राणा, रवीन्द्र सिंह राणा, प्रेम सिंह नेगी, विनोद कुमार ममगांईं, सतीश चंद्र शर्मा, शिवचरण मुंडेपी, राजेंद्र चौहान, अनिल ध्यानी, महेश प्रकाश, रमेश शर्मा, शेर सिंह रावत, महावीर सिंह पंवार, अमर सिंह राणा, राकेश थपलियाल, नंद किशोर भट्ट, त्रिलोक चंद सेमवाल, विमल उनियाल, नागेंद्र प्रसाद जुयाल, करन सिंह बुटोला, भगवती प्रसाद कुकरेती, शिव सिंह राणा, विजेंद्र सिंह रावत, गोविंद राम भट्ट, जसराम बडोला, नित्यानंद ढौंडियाल, धर्मपाल सिंह कुमांई, भास्कर जोशी, वीर सिंह नेगी, पुष्कर भट्ट, लखपत सिंह पंवार, बलबीर सिंह रावत, रवींद्र सिंह चौहान, दिनेश बंगवाल, सुभाष डुकलान, बलबीर सिंह उनाल

**शताब्दी वर्ष हेतु गठित उप–समितियांः–**

**सभी उप समितियां 25 नवम्बर, 2023 के बाद स्वतः निरस्त मानी जायेगी**

**1. नोडल समितिः–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री महावीर सिंह राणा | 2. | श्री मनवर सिंह रावत | 3. | श्री बी. एन. शर्मा |
| 4. | श्री मुरारी लाल खंडूड़ी | 5. | श्री सुधीश नेगी | 6. | श्री रूपचंद बरोली |
| 7. | श्री दीपक द्विवेदी | 8. | श्री आजाद सिंह नेगी | 9. | श्री भगवान सिंह नेगी |
| 10. | श्री जोत सिंह भंडारी | | | | |

**2. फंडिंग समितिः**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री बी. एस. नेगी | 2. | श्री विनोद बछेती | 3. | श्री महावीर सिंह राणा |
| 4. | श्री राकेश थपलियाल | 5. | श्री टी. एस. भंडारी | 6. | श्री दुर्गा भंडारी |
| 7. | श्री मनवर सिंह रावत | 8. | श्री ललित ढौंडियाल | 9. | श्री गुलाब सिंह जयाडा |
| 10. | श्री जसवंत सिंह रावत | 11. | श्री प्रेम सिंह रावत | 12. | श्री करन बुटोला |

**3. विज्ञापन अनुदान समितिः**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री बी. एस. नेगी | 2. | श्री राकेश थपलियाल | 3. | श्री टी. एस. भंडारी |

| | | |
|---|---|---|
| 4. श्री दुर्गा भंडारी | 5. श्री आजाद सिंह नेगी | 6. श्री भगवान सिंह नेगी |
| 7. श्री सुधीश नेगी | 8. श्री देवेंद्र गोसाईं | 9. श्री धीरेन्द्र सिंह रावत |
| 10 श्री करन बुटोला | | |

**4. सांस्कृतिक समितिः**

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री राजेंद्र सिंह चौहान | 2. श्री राकेश गौड़ | 3. श्रीमती संयोगिता ध्यानी |
| 4. श्रीमती यशोदा घिल्डियाल | 5. श्रीमती मनोरमा भट्ट | 6. श्री देवेश नौटियाल |

**5. मीडिया/सोशल मीडिया समितिः**

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री सुनील नेगी | 2. श्री योगेश भट्ट | 3. श्री अनिल पंत |
| 4. श्रीमती संयोगिता ध्यानी | 5. श्री रूपचंद बरोली | 6. श्री विकास चमोली |

**6. समन्वय समितिः**

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री उदय सिंह नेगी | 2. श्री टी. एस. भंडारी | 3. श्री रणबीर सिंह पुंडीर |
| 4. श्री महावीर सिंह राणा | 5. श्री रामेश्वर प्रसाद गोस्वामी | 6. श्री सतीश नौडियाल शर्मा |
| 7. श्री सुरेशानंद बसलियाल | 8. श्री बचन सिंह धनोला | 9. श्री राम प्रसाद भदोला |
| 10. श्री ललित ढ़ौडियाल | 11. श्री महावीर सिंह केमवाल | |

**7. स्मारिका समितिः**

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री सूर्य प्रकाश सेमवाल | 2. श्री महावीर सिंह राणा | 3. डॉ. केदार सिंह |
| 4. डॉ. सतीश कालेश्वरी | 5. श्री सुनील नेगी | 6. श्री बी. एन. शर्मा |
| 7. श्री राजेश्वर प्रसाद शर्मा | 8. श्री गुलाब सिंह जयड़ा | 9. श्री दीपक द्विवेदी |

**8. व्यंजन एवं मेला समितिः**

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री रविन्द्र सिंह चौहान | 2. श्रीमती रोशनी चमोली | 3. श्री देवेन्द्र जोशी |
| 4. श्री जोत सिंह भंडारी | 5. श्री अनिल पंत | 6. श्री लखपत सिंह पंवार |

## जनसरोकारों से संबंधित मुख्य गतिविधियांः—

मान्यवर, वर्तमान कार्यकारिणी ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज में सभा को विशिष्ट पहचान दिलाने का हरसंभव प्रयास किया है। सभा की सामाजिक गतिविधियों की खबरें राष्ट्रीय अखबारों एवं राष्ट्रीय चैनलों की सुर्खियां बनी जो कि हम सब के लिए गौरव की बात है। साथ ही दिल्ली में अनेक संस्थाओं एवं दिल्ली विश्वविद्यालय में उत्तराखण्ड मूल के छात्र छात्राओं को सभा की गतिविधियों से जोड़ा।

## पर्यावरणविद अनिल जोशी जी का नागिरक अभिनंदन :—

अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पर्यावरणविद पद्मभूषण एवं अनेकों राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी जी, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण हेतु 67 वर्ष की आयु में मुम्बई से देहरादून तक साइकिल यात्रा की। दिनांक 2 नवम्बर, 2022 को साइकिल यात्रा के दिल्ली आगमन पर गढ़वाल हितैषिणी सभा के अध्यक्ष श्री अजय सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में गढ़वाल भवन के सभागार में भव्य नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभा ने समाज का आह्वान किया कि 'प्रगति से प्रकृति तक' को हम जन—जन तक पहुंचाने का संकल्प करें और अपने एक गिलहरी प्रयास से इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चत करें।

## किरन नेगी याचिका से संबंधित:—

दिनांक 7 नवम्बर, 2022 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने जांच अधिकारियों द्वारा विभिन्न खामियों को उजागर करते हुये 10 वर्ष पूर्व छावला गैंग रेप के आरोपियों को बरी कर दिया। पीड़िता के परिजनों द्वारा लंबी कानूनी जद्दोजहद के उपरांत आये इस फैसले से न केवल परिजन अपितु पूरा देश और समाज सन्न रह गया। जनसरोकारों को समर्पित दिल्ली एनसीआर की लब्ध प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था 'गढ़वाल हितैषिणी सभा' की कार्यकारिणी ने इस बेहद संवेदनशील मुद्दे का संज्ञान लेते हुए 8 दिसम्बर, 2022 को समाज के बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों एवं पीड़िता परिजनों के साथ एक संयुक्त बैठक बुलाई गई, जिसमें इस केस पर विस्तार से गहन चर्चा की गई। बैठक में दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएसन के सचिव, अधिवक्ता श्री संदीप शर्मा की अध्यक्षता में एक लीगल कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी ने फैसले की समीक्षा कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका के सम्बन्ध में कार्य किया। दिनांक 12.11.2022 को कार्यकारिणी की मासिक बैठक में प्रस्ताव संख्या 04 को सर्वसम्मति से पारित किया गया कि छावला गैंगरेप पीड़िता परिवार को अगले 6 माह तक सांत्वना स्वरूप सहायता राशि 30,000 रुपये प्रदान की गई। यह आर्थिक सहायता नवंबर 2022 से अप्रैल 2023 तक प्रदान की गई।

## केदार बद्री मानव श्रम समिति की महिलाओं द्वारा रामलीला का आयोजन :—

महिला सशक्तीकरण के लिये काम करने वाली सामाजिक संस्था 'केदार—बद्री मानव श्रम समिति' की ग्रामीण महिला कलाकारों द्वारा 2 जनवरी, 2023 से 12 जनवरी, 2023 तक गढ़वाल भवन में रामलीला का भव्य मंचन किया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 11 दिन की रामलीला में पूरे क्षेत्र से सर्वाधिक महिलाएँ और सांस्कृतिक व धार्मिक मंडलियों के पदाधिकारी व सदस्य इसमें उपस्थित हुए। इस मंचन में सभी पात्र महिलाएं थी। ये महिलाएं सुदूर अंचल टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी एवं चमोली आदि जिलों की ग्रामीण—खेती बाड़ी करने वाली तथा कुछ शिक्षिकायें भी थीं। दिल्ली दूरदर्शन और टी. वी. के अन्य चैनल पर भी इसका प्रसारण किया गया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद तीरथ सिंह रावत, केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट, आई. ए. एस. श्री मंगेश घिल्डियाल एवं श्री वीर सिंह पंवार, निगम पार्षद, दिलशाद गार्डन, दिल्ली, श्री भगत सिंह नेगी, श्रीकृत सिंह रावत, सभा के प्रथम अध्यक्ष श्री आनंद सिंह नेगी जी के सुपुत्र श्री नरेश सिंह नेगी जी एवं समाज के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। गढ़वाल हितैषिणी सभा के शताब्दी वर्ष के प्रारम्भ में महिला सशक्तीकरण के मुहिम की समाज के सभी वर्गों ने सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में भूरि—भूरि प्रसंशा की। गढ़वाल हितैषिणी सभा ने इस मंच पर दिल्ली नगर निगम में गढ़वाल के सभी नवर्निवाचित निगम पार्षदों को भी सम्मानित किया।

## सभा महासचिव का त्यागपत्र

सभा के महासचिव श्री द्वारिका प्रसाद भट्ट जी ने पारिवारिक कारणों से महासचिव पद से 21 दिसम्बर, 2022 को त्यागपत्र दे दिया था। उन्हें 16 जनवरी,2023 को त्यागपत्र पर पुनर्विचार हेतु एक माह का समय दिया गया। जिसका जवाब देते हुए श्री भट्ट जी ने अपने त्यागपत्र पर पुनर्विचार से इंनकार करते हुए दिनांक 24 जनवरी 2023 को पत्र द्वारा कार्यकारिणी को सूचित किया। तत्पश्चात

कार्यकिरणी की आकस्मिक बैठक में सर्वसम्मति से श्री भट्ट जी के त्यागपत्र को स्वीकार किया गया। एक माह की अवधि में सभा के सचिव दीपक द्विवेदी ने सभा के कार्य को देखा। सभा के महासचिव पद रिक्त होने के कारण वर्तमान कार्यकारिणी ने 11 फरवरी, 2023 को सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य श्री मंगल सिंह नेगी को कार्यकारी महासचिव का कार्यभार सौपा।

## दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा

पं. महिमानन्द द्विवेदी जी पूर्व अध्यक्ष गढ़वाल हितैषिणी सभा, व प्रसिद्ध वैदिक ज्यातिषाचार्य जो कि 5 फरवरी 2023 को दिवंगत हो गये थे, उनकी पुण्य स्मृति में 17 फरवरी 2023 को गढ़वाल हितैषिणी सभा ने गढ़वाल भवन के भागीरथी सभागार में श्रद्धाजंलि सभा आहूत की जिसमें उनके पुत्र, धर्मपत्नी एवं परिजन शामिल हुए साथ ही बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ सदस्यों और कार्यकारिणी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में इस्कॉन मंदिर के अनुयायियों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु पाठ कर प्रभु का स्मरण किया।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

सभा के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 5 मार्च,2023 को विलुप्त होती उत्तराखंडी बैठी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह की विशेषता प्रसिद्ध संगीतकार चंचल प्रसाद जी के शिष्यों द्वारा शास्त्रीय संगीत पर आधारित पारंपरिक बैठी होली का मंत्रमुग्ध गायन रहा। इस सुअवसर पर समाज के गणमान्य प्रबुद्धजनों सहित मातृशक्ति की विशेष उपस्थित ने कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान कर होली की शुभकामनाएं प्रस्तुत की एवं समस्त समाज के कल्याण हेतु अपनी ओर से प्रार्थना की।

## अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

12 मार्च 2023 को भागीरथी हॉल में कल्याणी सामाजिक संस्था द्वारा भव्य आयोजन किया गया जिसमें सभा की सहयोगी संस्था के रुप में भूमिका रही। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के ग्रामीण इलाकों से महिला उत्थान, महिला सशक्तीकरण के लिए कार्य करने वाली 11 महिलाओं को उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया जो निम्नलिखित है।

सरिता नेगी, समाज सेविका, दीपा नागरकोटी, लोक गायिका, सुषमा बहुगुणा, समाज सेविका, गीता गैरोला, समाज सेविका, डॉ. ऋतु सिंह, कवियत्री, मधु खुगशाल, समाज सेविका, कविता बिष्ट, समाज सेविका, पूनम कैन्तुरा, समाज सेविका, महेश्वरी देवी समाज सेविका, प्रियंका जोशी, भावना वर्मा, समाज सेविका, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उत्तराखंड की स्वर कोकिला मीना राणा की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में रंगकर्मी लक्ष्मी रावत, लोक गायिका पूनम सती, अभिनेत्री गीता उनियाल, एवं प्रसिद्ध लोकगायिका रेशमा शाह, की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की।

## मातृभाषा गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी साहित्य उत्सव

14 मई 2023 को सभा के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में उत्तराखंडी भाषा संवर्धन हेतु 18 से 25 आयु वर्ग के उत्तराखंड मूल के युवा कवियों, छात्र–छात्राओं द्वारा स्वरचित गढ़वाली कुमाउंनी जौनसारी, भाषाओं के महत्व पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। नवोदित कवियों को प्रोत्साहन हेतु स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला में उक्त भाषाओं के विभिन्न कविगण, साहित्यकार व अपनी बोली भाषा के प्रचार प्रसार तथा संविधान की आठवीं सूची में उपरोक्त भाषाओं को शामिल करने हेतु निरंतर प्रयासरत भाषाविदों के साथ–साथ युवा कवियों ने भाग लिया। इस कार्य को सभा की साहित्यिक सचिव श्रीमती मनोरमा भट्ट की देखरेख में किया गया। इसमें जूरी सदस्यों की भूमिका में श्री दनेश ध्यानी, श्री बिहारीलाल जालंधरी, श्री गिरीश बिष्ट हंसमुख, और श्रीमती मंजूषा जोशी रहे। इस कार्यशाला में उत्तराखण्ड शासन के लिए तीन प्रस्ताव पारित किए गए जिनका उल्लेख निम्नलिखित है।

1 **देवभूमि उत्तराखंड़ में गढ़वाली कुमाऊंनी, जौनसारी भाषा अकादमी अविलम्ब गठन किया जाए।**

2 **कक्षा 1 से कक्षा 8 तक उपरोक्त लोकभाषाओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाय ताकि बच्चे बचपन से ही अपनी मातृ भाषाओं के प्रति जागरुक हो सकें।**

3 **गढ़वाली कुमाऊंनी, जौनसारी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु उत्तराखण्ड सरकार विधान सभा से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को प्रेषित करे ताकि उपरोक्त भषाओं की भी राष्ट्रीय पहचान, मान्यता सुनिश्चित हो सके।**

उपरोक्त तीनों प्रस्तावों का पत्र 28 मई, 2023 को उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित किया गया जिस पर उत्तराखंड शासन के पत्रांक 257/77 उ. भा. सं./2023–24 द्वारा सकारात्मक जवाब भी सभा को प्राप्त हुआ है जिसके लिए सभा उत्तराखंड सरकार का आभार प्रकट करती है।

## यूनाइटेड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन का सम्मान

एसोसिएशन के खिलाडियों के व्हील चेयर क्रिकेट YWPL ट्राफी जीतने पर 11 जून, 2023 को गढ़वाल भवन में वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा यूनाइटेड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। सभा अध्यक्ष श्री अजय सिंह बिष्ट, कार्यकारी महासचिव मंगल सिंह नेगी, खेल सचिव भगवान सिंह नेगी द्वारा खिलाड़ियों व पदाधिकारियों का माल्यार्पण व शताब्दी वर्ष स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया।

## सम्मान समारोह आयोजित

सभा के आजीवन सदस्य व समाजसेवी डॉ. विनोद बछेती को भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश में सचिव मनोनीत होने पर गढ़वाल हितैषिणी सभा के तत्वाधान में आयोजित समारोह के तहत 5 अगस्त, 2023 को सभा मुख्यालय के भागीरथी हॉल में उत्तराखंडी संस्थाओं द्वारा श्री विनोद बछेती का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारीगण, समाज के वरिष्ठ प्रबुद्धजनों के साथ मीडिया के बंधु व सभा की समस्त कार्यकारिणी मौजूद थी।

## कला एवं संस्कृति संवर्धन के दायित्वों का निर्वहनः–

कहते हैं फिल्में समाज का आइना होती हैं। अपने गांव खेत खलिहानों की सांझी पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत को सिनेमा के परदे पर उकेरती, उतराखंड के गांवो से निरंतर पलायन के दर्द की जीवंत आंचलिक फिल्म "मेरु गौं" का दो दिवसीय शो दिनांक 7–8 मई 2023 को खचाखच भरे भागीरथी सभागार में आयोजित किये गये जिसमें आम जनता का जबरदस्त उत्साह देखा गया । मैं इस फिल्म के निर्माता राकेश गौड़ जी निर्देशक श्री अनुज जोशी जी, जो कि सभा के सदस्य भी हैं, को विशेष बधाई देता हूँ जिन्होंने शहरों में रह रहे नौजवान पीढ़ी को इस फिल्म के माध्यम से अपने गांव की मूल जड़ों एवं बोली भाषा से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया।

## वीर चंद्र सिंह गढ़वाली शताब्दी वर्ष मेधावी छात्र सम्मान –2023ः–

मेधावी छात्र किसी भी परिवार, समाज और देश के भविष्य होते हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिल्ली एनसीआर में प्रवास कर रहे गढ़वाल मंडल के मूल निवासी छात्र–छात्राओं, जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2022–2023 की बोर्ड परीक्षाओं में 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त किये, उन मेधावी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार–दिनांक 20 अगस्त, 2023 को खचाखच भरे भागीरथी सभागार में पेशावर कांड के महानायक एवं उतराखण्ड की महान विभूति की स्मृति में इस वर्ष भी **''वीर चंद्र सिंह**

**गढ़वाली मेधावी छात्र सम्मान–2023''** से सम्मानित किया। जिसमें दसवीं कक्षा के अड़सठ (68) और बाहरवीं कक्षा के पच्चास (50) विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक मेधावी छात्र–छात्रा को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं एक हजार रुपये नगद (1000 रुपये) राशि प्रदान कर उनकी प्रतिभा का सम्मान किया गया।

मान्यवर उपरोक्त मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार में कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्च अधिकारी श्री मंगेश घिल्डियाल जी की प्रेरणादायक उपस्थिति तथा विशिष्ट अतिथियों में श्री जीत राम भट्ट सचिव हिन्दी अकादमी एवं सभा के पूर्व पदाधिकारीगण, सलाहकार मंड़ल के माननीय सदस्य, वरिष्ठ सभा सदस्य, समाज के वरिष्ठ प्रबुद्धजन, पत्रकार बंधु, लोक कला संस्कृति, सामाजिक साहित्यिक क्षेत्रों के गणमान्य जनों की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता एवं सार्थकता प्रदान की।

## गौरवपूर्ण इतिहास के 100 वर्ष (1923–2023)

हमारे पूर्वजों की दूरदर्शी सोच, पारखी नजरों ने अपने गांव घर–परिवारों से सुदूर प्रवासियों के हकों व सामाजिक एकता के नेक उद्देश्य हेतु देश की आजादी से पूर्व शिमला में वर्ष 1923 में गढ़वाल सर्व हितैषिणी सभा का गठन किया तत्पश्चात् सभा की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली में सभा की शाखा का गठन किया गया। इसके बाद तत्तकालीन पदाधिकारियों के अथक प्रयासों से सभा को 5 फरवरी 1956 को वर्तमान भवन हेतु भूमि विकास विभाग द्वारा जमीन आवंटित की गई। हमारे पूर्वजों एवं वरिष्ठ समाजप्रेमियों की सकारात्मक एवं रचनात्मक सोच एवं पुरुषार्थ का ही परिणाम है, जो कि आज देश की राजधानी दिल्ली के दिल में गढ़वाल भवन (वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली चौक, पंचकुईयां रोड़, समीप झंडेवालान मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली) के स्वरूप में विद्यमान है और समस्त गढ़वाल समाज के लिए पितृ–प्रसाद स्वरूप है। सभा अपने 100वें वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा के शुभअवसर पर अपने समस्त पूर्वजों एवं समस्त सम्मानित आजीवन सदस्यों को कोटि–कोटि नमन करती है। गढ़वाल हितैषिणी सभा का 100वां वर्ष निश्चित रूप से कई मायने में ऐतिहासिक है। इस सुअवसर पर हम सभी वर्तमान पीढी का परम सौभाग्य है कि हम सब इन ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बने।

गढ़वाल हितैषिणी सभा गौरवपूर्ण इतिहास के शताब्दी समारोह में 29 अक्टूबर, 2023 को गढ़वाल भवन के भागीरथी सभागार में रंगारंग कार्यक्रम से शुभारम्भ किया गया, जिसमें श्रीदेव सुमन वरिष्ठ सदस्य सम्मान एवं सौभाग्यवती सम्मान से क्रमशः 52 और 45 सदस्यों को सम्मानित किया गया। उत्तराखण्डी पारम्परिक परिधान एवं आभूषण प्रतियोगिता, उत्तराखण्डी व्यंजन प्रतियोगिता, सांस्कृतिक लोक नृत्य–लोकसंगीत, लोक गीतों का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में दिल्ली एनसीआर में प्रवास कर रहे पहाड़ का जनमानस शामिल हुआ। कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद श्री तीरथ सिंह रावत, पूर्व मंत्री एवं टिहरी विधान सभा क्षेत्र के विधायक, श्री किशोर उपाध्याय, निगम पार्षद, दिलशाद गार्डन, दिल्ली, श्री वीर सिंह पंवार की गरिमामय उपस्थिति रही। शताब्दी वर्ष शुभारंभ कार्यक्रम में अनेकानेक गतिविधियों के साथ–साथ सभा की 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर शानदार चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, इसके अलावा इस प्रदर्शनी में उत्तराखण्ड के पर्यटन स्थलों एवं दर्शनीय मन्दिरों के चित्र एवं उत्तराखण्डी परिधान व आभूषण के चित्र भी लगाये गये। इनके माध्यम से बहुत बड़े स्तर पर लोगों तक जानकारी पहुंचाने का सफल प्रयास किया गया। इस चित्र प्रदर्शनी के आयोजन में श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी, दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं, श्री राकेश नेगी, पत्रकार सुनील नेगी एवं डॉ केदार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

**उत्तराखण्डी व्यंजन प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य रहे– श्री बी.एस.पंवार, श्री रविन्द्र चौहान, श्री अनिल पंत, श्री अजय सिंह बिष्ट, श्री जोत सिंह भंडारी एवं श्री देवेन्द्र जोशी तथा विशेष सहयोग श्रीमती रोशनी चमोली**

**उत्तराखण्डी परिधान एवं आभूषण प्रतियोगिता निर्णायक मंडल के सदस्य रहे– श्रीमती सुशीला रावत, श्रीमती लक्ष्मी रावत, श्रीमती राखी बिष्ट एवं डॉ.सतीश कालेश्वरी**

## उत्तराखण्ड फिल्म फेस्टिवल

गढ़वाल हितैषिणी सभा द्वारा शताब्दी वर्ष आयोजन में एक माह का उत्तराखंड फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया गया और सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म अवार्ड मेरु गौं को दिया गया। पुरस्कार के रुप में 51 हजार रुपये की नगद राशि व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। **फिल्म निर्णायक मंडल के सदस्य थे– श्री सी.एम.पपनै, श्री राहुल बलूनी, श्री उमेश बंदूनी एवं श्री मनोज चंदोला।**

## विरासत महोत्सव, 2023

25 नवम्बर, तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में शताब्दी वर्ष समापन समारोह का शुभारंभ पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड श्री भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में गढ़वाल लोक सभा सीट से सांसद श्री तीरथ सिंह रावत, टिहरी विधायक श्री किशोर उपाध्याय, एवं सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह नेगी द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन व वन्दना के उपरांत पूर्व अध्यक्ष एवं महासचिवों को करतल ध्वनि के बीच पुष्प गुच्छ, शाल व शताब्दी वर्ष स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उत्तराखण्ड से राज्य सभा सांसद श्री नरेश बंसल, करावल नगर दिल्ली से विधायक श्री मोहन सिंह बिष्ट, उत्तराखण्ड पौड़ी से विधायक श्री राजकुमार पौरी, समाजसेवी हरिपाल रावत, ले. जनरल सेवानिवृत श्री अरविंद रावत, ले. जनरल सेवानिवृत श्री अनिल भट्ट, समस्त सलाहकार मंडल सदस्य, आजीवन सदस्य एवं उनके परिजन तथा दिल्ली एन.सी. आर. में सामाजिक संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति श्री सुधांशु धूलिया की गरिमामय उपस्थिति रही। श्री भगत सिंह कोश्यारी जी सभा की हीरक जयंती 2002 के शुअवसर पर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभा के पूर्व पदाधिकारी एवं श्री आनंद सिंह नेगी जी के पुत्र श्री नरेश चंद्र सिंह नेगी एवं श्री भगत सिंह नेगी जो 1965 से सभा गतिविधियों के साक्षी है की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को उत्कृष्ट आयाम प्रदान किया।

इस सुअवसर पर उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी ने लाईव वीडियो संदेश के माध्यम से तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में उपस्थित समस्त उत्तराखण्ड वासियों को शताब्दी वर्ष महोत्सव की शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग तथा उत्तराखण्ड शासन के हौसले के बल पर सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने की कोशिश में कोई कसर नहीं छोडी जा रही, जल्द ही सुरंग में फंसे सभी श्रमिक बाहर निकाल लिए जाऐंगे। शताब्दी वर्ष के उत्तराखण्डी सांस्कृतिक कार्यक्रम को संगीतकार राजेन्द्र चौहान के निर्देशन एवं नृत्य निर्देशिका लक्ष्मी पटेल के कुशल निर्देशन में सफल बनाया, लोकगायक श्री नरेन्द्र सिंह नेगी, श्री जुबिन नौटियाल, श्रीमती रेशमा शाह, श्रीमती रेखा धस्माना उनियाल, श्री संकल्प खेतवाल श्री गजेन्द्र राणा, सुश्री दीपा नागरकोटी, श्री पंकज पांडे, श्री इंदर आर्य, श्रीमती कल्पना चौहान, श्री रोहित चौहान की प्रस्तुति का उपस्थित अपार जन समूह ने भरपूर आनंद लिया। सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना सुश्री श्रीवर्णा रावत ने गढवाली गीत पर शास्त्रीय नृत्य कर अपनी कला संस्कृति को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया।

## शताब्दी वर्ष महोत्सव ''विरासत''

सभा ने शताब्दी वर्ष महोत्सव ''विरासत'' में उत्तराखण्ड के ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को जिन्होंने अपने–अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए ख्याति प्राप्त की है, और उत्तराखण्ड का मान सम्मान राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर स्थापित किया है ऐसे असाधारण कार्य करने वाले व्यक्तियों को अलग–अलग कार्य क्षेत्र में अलग–अलग विभूतियों के नाम से सम्मानित किया। शताब्दी वर्ष में सभा ने 1941 में सभा को पंजीकृत कराने वाले तत्कालीन अध्यक्ष श्री गोविंद राम चंदोला व आचार्य जोध सिंह रावत के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए सम्मानों की स्थापना की।

**विभूति/संस्था सम्मान,** निर्णायक मंडल के सदस्य ले. जनरल सेवानिवृत श्री अरविंद रावत, श्री मनवर सिंह रावत, श्री खुशाल सिंह बिष्ट

**वृक्ष मित्र गौरा देवी पर्यावरण प्रहरी सम्मान 2023** : श्री सच्चिदानन्द भारती को प्रदान किया गया।

**खेल सम्मान :** पद्‌म श्री बछेंद्री पाल 'खेल'' सम्मान–2023– सुश्री कृति गुसांई जी को प्रदान किया गया।

**कला एवं संस्कृति :** विश्वमोहन बडोला 'कला एवं संस्कृति''सम्मान–2023– डॉ. माधुरी बडथ्वाल जी को प्रदान किया गया।

**कृषि एवं बागवान :** गोविंद राम चंदोला 'स्मृति'' सम्मान–2023– श्री गोपाल उप्रेती जी को प्रदान किया गया।

**स्वरोजगार :** वीर सिंह कंडारी 'कर्मवीर'' सम्मान–2023– श्री हर्षपाल चौधरी जी को प्रदान किया गया।

सभा ने इसी क्रम में उत्तराखण्ड की ऐसी संस्थाओं का भी सम्मान किया जिन्होंने अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए ख्याति प्राप्त की है और उत्तराखण्ड का नाम राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर स्थापित किया हो, ऐसे असाधारण कार्य करने वाली संस्थाओं को अलग–अलग कार्य क्षेत्र में अलग–अलग नामों से सम्मानित किया है। विरासत कार्यक्रम को राष्ट्रीय समाचार पत्रों, सोशल मीडिया एवं राष्ट्रीय चैनलों राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में बड़े स्तर पर कवरेज प्राप्त हुई। DD NEWS में कवरेज हेतु श्री विजेन्द्र सिंह रावत जी के सहयोग के लिए धन्यवाद।

**गढ़वाल हितैषिणी शताब्दी 'स्वरोजगार'' सम्मान–2023**– विनसर फामर्स को प्रदान किया गया।

**जोध सिंह रावत स्मृति 'स्वास्थ्य एवं शिक्षा'' सम्मान–2023**–सोनधार चैरिटेबल ट्रस्ट को प्रदान किया गया।

**गढ़वाल हितैषिणी शताब्दी 'कला एवं संस्कृति'' सम्मान–2023**–पर्वतीय कला केन्द्र को प्रदान किया गया।

**गढ़वाल हितैषिणी शताब्दी 'खेल'' सम्मान–2023**– गढ़वाल हीरोज फुटबॉल क्लब को प्रदान किया गया।

## समस्त कार्यकारिणी का कुशल व सफल प्रयास

शताब्दी वर्ष कार्यक्रम को सफल एवं वृहद रूप देने के लिए समाज के अनेकों समाज प्रेमियो, दिल्ली एनसीआर की सामाजिक संस्थाओं, उत्तराखण्ड सरकार, ONGC, NHPC एवं स्मारिका में छपे विज्ञापन दाताओं ने जो सहयोग किया, गढ़वाल हितैषिणी सभा आप सभी का हृदयतल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करती है। सभा की वर्तमान कार्यकारिणी के प्रयासों से सभा को कुल 42,00,000.00 (बयालीस लाख के लगभग) की दान एवं स्मारिका विज्ञापन राशि प्राप्त हुई। सभा आदरणीय समस्त दानदाताओं का हार्दिक धन्यवाद करती है। साथ ही मैं दान प्राप्ति के लिए समस्त कार्यकारिणी के कुशल व सफल प्रयासों की भूरि–भूरि प्रशंसा करता हूँ।

## समाज को संगठित करने का प्रयास

सभा की वर्तमान कार्यकारिणी ने दिल्ली एनसीआर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् उत्तराखण्ड मूल के छात्र–छात्राओं को सभा से जोड़ा है। और इन सभी लोगों ने शताब्दी वर्ष कार्यक्रम को अपना अमूल्य सहयोग दिया है। सभा आप सभी सहयोगी मित्रों का धन्यवाद करती है। सभा ने कुछ आवश्यक कार्य हेतु कदम उठाए जैसे वानप्रस्थ, ग्रमीण शिक्षा अभियान एवं ग्रामीण स्वास्थ्य अभियान आदि।

## नवीन पहल

1. सभी की गतिविधियों के प्रचार–प्रसार को वृहद आयाम देने के उद्देश्य से गढ़वाल हितैषिणी सभा ने एक ऐप का सृजन किया है। जिसमें सभा की सभी गतिविधियों, रिकॉर्ड आदि को ई–लाइब्रेरी में संरक्षित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न डिजिटल

माध्यमों जैसे–ट्विटर, यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, वेबसाइट आदि से भी सभा की गतिविधियों का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। साथ ही एप के माध्यम से अनेक उपयोगी कार्यक्रम। ग्रामीण क्षेत्रों व सुदूर क्षेत्रों में रह रहे जनमानस के लिए प्रारंभ किए जा सकते हैं। इस दिशा में कार्य चल रहा है। साथ ही एप के माध्यम से देश विदेशों में रह रहे लाखों उतराखंडियों को जोड़ा जा रहा है। सभा एप्प निःशुल्क निर्माण एवं संचालन सहयोग हेतु श्री विनोद घनसेला जी का धन्यवाद करती है। भवन की निम्नलिखित सोशल साईटों का आप अवलोकन कर सकते है।

**1. Youtube-** Garhwal Hiteshini Sabha, **2. Instagram-**garhwal_hiteshini_sabha, **3. Facebook-** Garhwal Bhawan Delhi, **4. Twitter (X)**- Garhwalbhawan, **5. Website-** www.garhwalhiteshinisabha.com, **6. Mobile App-**ulektz Garhwal hiteshini sabha

2. सभा भवन में टूट–फूट को मध्यनजर रखते हुए टैंट वालों का पैनल स्थापित किया है।

3. सभा के गौरवमय इतिहास को दस्तावेज रूप में भविष्य के लिए संरक्षित रखने हेतु एक वृतचित्र का निर्माण किया, इसके शोध संकलन में सभा अध्यक्ष श्री अजय सिंह बिष्ट एवं कोषाध्यक्ष श्री गुलाब सिंह जयाड़ा जी का विशेष योगदान रहा। यह डॉक्युमेंट्री गढवाल हितैषिणी सभा के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

## स्मारिका 'विरासत' प्रकाशन

गौरवपूर्ण इतिहास के 100 वर्ष पर शताब्दी वर्ष स्मारिका 'विरासत' 2023 का प्रकाशन किया गया। स्मारिका प्रकाशन में अमूल्य सहयोग हेतु डॉ. केदार सिंह, डॉ. सूर्यप्रकाश सेमवाल, प्रो. हरेन्द्र असवाल, डॉ. सतीश कालेश्वरी, सुनील नेगी, महावीर राणा, ज्ञानेन्द्र पांडे एवं शशिमोहन रावत आदि का धन्यवाद।

## सहयोगकर्ता आभार/सम्मान समारोह

शताब्दी वर्ष कार्यक्रम को सफल एवं वृहद रुप देने के लिए सलाहकर मंडल, स्मारिका में छपे विज्ञापन दाताओं, दिल्ली एनसीआर की सामाजिक संस्थाओं, समाज प्रेमियो, का धन्यवाद कार्यक्रम सभा के भागीरथी हॉल में 16 दिसम्बर, 2023 को संपन्न हुआ। सभा इन सभी दानदाताओं सहयोगियों का पुनः हार्दिक आभार एवं धन्यवाद करती है।

## प्रशासनिक कार्य

<u>**संपत्ति कर (2022–2023 ):–**</u>

**1998 से लम्बित** भवन का संपत्ति कर एक जटिल एवं पेचीदा मामला बनता जा रहा है। पूर्व कार्यकारिणी एवं वर्तमान कार्यकारणी द्वारा इस विषय को सुलझाने हेतु एनडीएमसी के संपत्ति कर विभाग में छूट/माफी के पत्राचार कर बार–बार अनुरोध करने के बावजूद अभी तक कार्रवाई की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इस संदर्भ में सभा ने निदेशक संपत्ति कर एवं केंद्रीय मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन पत्र सौंपकर अनुरोध किया था कि भवन का संपत्ति कर का बिल सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं चैरिटेबल की श्रेणी में भेजा जाय तथा पिछले बकाया बिलों को भी इसी श्रेणी में समायोजन किया जाय। मगर विभाग से सभा के अनुरोध पर जवाब अब तक प्रतीक्षित है। वित्तीय वर्ष 2022–2023 का 24 मई 2023 को रुपये– 93,19,952 / (त्रिरानवे लाख उन्नीस हजार नौ सौ बावन रुपये) का बिल प्राप्त हुआ। मैं यहाँ उपस्थित सभा के सभी सम्मानित सदस्यों से अपील करता हूँ कि इस विकट समस्या को सुलझाने में अगर कोई सदस्य सभा की मदद करना चाहता है तो वह महानुभाव सभा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में महासचिव या अध्यक्ष जी से मिलकर समस्या हल की चर्चा/रुपरेखा सलाह/सुझाव/मार्गदर्शन हेतु सादर आमंत्रित है।

**विगत दस महीनों में शासन/प्रशासन एवं जन समस्याओं से संबंधित मुख्य पत्राचारः—**

**1. पत्रांक :—ग.हि.स./17/2022/126,** माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड, श्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन, जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल को टिहरी झील में शौचालय की गंदगी डाले जाने के कारण झील का सौंदर्य, गंगा के कारण हिंदू समुदाय की धार्मिक आस्था एवं पर्यावरण नुकसान के संदर्भ में चिंता जाहिर कर उचित संवैधानिक शासकीय कार्रवाई के संदर्भ में।

**2. पत्रांक :—ग.हि.स./17/2022/128,** सामाजिक कार्यकर्ता श्री फते सिंह रावत जी के ज्ञापन पत्र पर कार्रवाई करते हुए श्री यशपाल आर्य जी माननीय परिवहन मंत्री उत्तराखण्ड, तथा माननीय सांसद गढ़वाल श्री तीरथ सिंह रावत जी को पत्र प्रेषित कर दिल्ली से थैलीसैण तक रोडवेज बस सेवा आरंभ करने का अनुरोध किया गया ।

**3. पत्रांक :—ग.हि.स./17/2022/132,** श्री पुष्कर सिंह धामी जी, माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन को जनपद रुद्रप्रयाग के पट्टी बचणस्यूं के अंतर्गत भूमरागढ़ से गहड़खाल निर्माणधीन मोटर मार्ग को पौड़ीखाल तक पूरा करवाने के संबध में पुनः अनुरोध का पत्र लिखा जिसके प्रत्युत्तर में अधीक्षण अभियंता सातवां वृत, लो.नि.वि.गोपेश्वर द्वारा दिनांक 24—02—2023 पत्रांक 643/38 सी. द्वारा सभा अध्यक्ष को भेजे पत्र में उपरोक्त सड़क मांग की स्वीकृति प्रदान की जानकारी मुहैया कराई गई ।

**4. पत्रांक :—ग.हि.स./17/2023/247** ग्राम सिलसारी,ब्लॉक यमकेश्वर,जनपद पौड़ी गढ़वाल के मूल निवासी सामाजिक कार्यकर्ता श्री हयात सिंह रावत जी द्वारा प्राप्त ज्ञापन पत्र जिसमें उन्होंने यमकेश्वर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम सभा तिमली अकरा सिलसारी गांव को तुंगखाल बुकंडी मोटर मार्ग से ग्राम उडा जुगेणा के निसणी तोक तक जोड़ने की उत्तराखण्ड शासन से मांग की। उक्त ज्ञापन पत्र पर कार्रवाई करते हुए माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड, माननीय मंत्री लो.नि.वि.एवं मुख्य अभियंता लो.नि.वि. को पत्र प्रेषित कर उचित शासकीय कार्रवाई करने का अनुरोध किया ।

**5. पत्रांक :—ग.हि.स./17/2022/250** माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन को फरवरी 2012 में दिवंगत हुई किरण नेगी के भाई को मुआवजा स्वरूप उत्तराखण्ड सरकार में नौकरी उपलब्ध करवाने का भावात्मक अनुरोध किया। जिस पर अभी शासकीय कार्रवाई के अपेक्षित परिणाम का इंतजार है।

**6. पत्रांक :—ग.हि.स./81/2023/252.** जैसा कि सभा भवन 1965 से निर्मित किया गया था और समय—समय पर इसके कालम एवं दीवारों पर गंभीर दरारें हो रही है। जिसे बार—बार मसाले से रिपेयर किया जाता है, लेकिन कुछ ही समय में दरारें पुनः उत्पन हो जाती है। भवन के ढ़ाचे में बार—बार हो रहे क्षरण को गम्भीरता से लेते किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को मध्य नजर रखते हुए भवन की दीवार एवं पिल्लरों की जर्जर हालत के जीणोद्धार हेतु स्थानीय निकाय एनडीएमसी से बिल्डिंग स्ट्रक्चर हेल्थ ऑडिट करवाने हेतु एनडीएमसी के चेयरमैन तथा चीफ इंजीनियर सिविल को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया जिस पर जवाब देते हुए एनडीएमसी ने विभाग में पंजीकृत इंजीनियरिंग फर्मों की लिस्ट उपलब्ध करवाई है। जिस पर कार्रवाई अंतिम चरण में है ।

**7. पत्रांक :—ग.हि.स./17 /2023/258.** माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन को उत्तराखण्ड में गढ़वाली कुमाऊंनी जौनसारी अकादमी का गठन व उक्त भाषाओं को कक्षा एक से आठवीं तक पाठ्यक्रम में शामिल करने के संदर्भ में एक ज्ञापन पत्र प्रेषित किया गया।

**8. पत्रांक :—ग.हि.स./17 /2023/258.** माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड,जिलाधिकारी पौड़ी, नगरपालिका अध्यक्ष पौड़ी,जिला पंचायती राज अधिकारी पौड़ी गढ़वाल को सभा के आजीवन सदस्य श्री राकेश थपलियाल जी से प्राप्त ज्ञापन पत्र पर कार्रवाही करते हुए पत्र प्रेषित किया गया, जिसमें उन्होंने स्थानीय प्रशासन से कंडोलिया (पौड़ी) से अखोड़ीगाड तक पथ प्रकाश की व्यवस्था हेतु अनुरोध किया था।

**9. पत्रांक :–ग.हि.स./17 /2023/258.** उत्तराखण्ड के मूल निवासियों के लिए एमबीबीएस शिक्षण संस्थानों में वार्षिक शुल्क में प्राप्त छूट हेतु डॉ0संजय नेगी जी के ज्ञापन पत्र पर माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन भेंट की गई एवं को पत्र प्रेषित किया। साथ ही अनुस्मारक भी इस विषय में मुख्यमंत्री कार्यालय को इस आशय से भेजा गया कि उत्तराखण्ड मूल के अधिक से अधिक बच्चे इसका लाभ लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें।

## धर्मशाला/अनुबंधः–

1 अप्रैल 2023 से भवन में सभा की धर्मशाला के रख–रखाव व संचालन हेतु श्री मुकेश रावत पुत्र स्वर्गीय इंद्र सिंह रावत के साथ नई शर्तों के साथ करारनामा किया गया।

## भवन में हॉल उपलब्धताः–

देश की राजधानी दिल्ली में आज गढ़वाल भवन सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के केंद्र के रुप में निरंतर उभरता जा रहा है। माननीय सदस्य गण देश के राष्ट्रीय अखबारों में भवन गतिविधियों की खबरें लगातार सुर्खियों के साथ प्रकाशित होती रहती है। भवन के रख–रखाव व सामाजिक गतिविधियों को सुचारू रुप से चलाने के उद्देश्य से सभा समाज के सभी वर्गों को नियमानुसार भवन में हॉल उपलब्ध करवाती है। हॉल बुकिंग राशि में वर्तमान कार्यकारिणी ने कोई बदलाव नहीं किया है अर्थात पिछली कार्यकारिणी की तरह आज भी वही राशि ली जा रही है। सभा उतराखंड की पंजीकृत सामाजिक संस्थाओं को उनके सामाजिक, सांस्कृतिक साहित्यिक, शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निर्धारित नियमों के अंतर्गत निःशुल्क/विशेष सुविधा/छूट, के तहत भी जगह/हॉल उपलब्ध कराती है।

## आर्थिक सहायताः–

अपने सामाजिक स्वरूप को मध्य–नजर रखते हुए गढ़वाल हितैषिणी सभा समय–समय पर निःसहाय, निर्धन, विधवा महिलाएं, असाध्य रोगों से जूझते रोगियों को इलाज के लिए, जरूरतमंद गरीब मेधावी छात्रों को शिक्षा, गरीब कन्याओं की शादी आदि हेतु निर्धारित मानकों के तहत सभा द्वारा पूर्व दिवंगत अध्यक्ष स्व. मोहबत सिंह राणा जी की स्मृति में गठित "मोहबत सिंह राणा ग.हि.स.आर्थिक सहायता निधि" से लगातार मदद करती आ रही है। वास्तविक जरुरतमंद तक मदद पहुंचाने के नेक उद्देश्य से सभा के संगठन सचिव श्री मुरारी लाल खंडूड़ी जी की अध्यक्षता में पांच सदस्यों की आर्थिक सहायता समिति गठित की है। आवेदकों के दस्तावेजों की जांच के उपरांत समिति की संस्तुति पर नवंबर 2022 से नवंबर 2023 तक दस जरुरतमंदों को 1,00000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| क्र.सं. | आवेदक/लाभार्थी | आर्थिक सहायता का कारण | सहायता राशि (राशि में) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रकाश नेगी | इलाज | 10,000/ |
| 2 | विजय लक्ष्मी नौटियाल | इलाज | 10,000/ |
| 3 | अर्जुन सिंह रावत | इलाज | 10,000/ |
| 4 | महेश नंद | इलाज | 10,000/ |
| 5 | रमेश सिंह | इलाज | 10,000/ |
| 6 | धनवीर सिंह रावत | इलाज | 10,000/ |
| 7 | रेनू बिष्ट | इलाज | 10,000/ |
| 8 | गीता उनियाल | इलाज | 10,000/ |
| 9 | भाष्कर जोशी | इलाज | 10,000/ |
| 10 | आरती देवी | विक्लांग, पांव लगाने हेतु | 10,000 |

**भवन रखरखाव कार्यः—**

- धर्मशाला की सुरक्षा हेतु कैंटीन में ग्रिलगेट लगाए गए
- धर्मशाला के सभी कमरों की मरम्मत एवं टायल्स लगाई गई
- धर्मशाला के प्रथम तल पर रैलिंग लगाई गयी
- सभा स्वागत कक्ष में टायल्स / रिपेयर / सफेदी का कार्य किया गया।
- ग्रीन रूम कमरे में सफेदी का कार्य किया गया।

## कर्मचारियों की वेतन बढोतरी

9 दिसम्बर, 2023 को कार्यकारिणी की मासिक बैठक में सभा कर्मचारियों के वेतन में 10 प्रतिशत वृद्धि को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस विषय को कोषाध्यक्ष श्री गुलाब सिंह जयाड़ा जी ने कार्यकारिणी के सम्मुख रखा। यह बढ़ोत्तरी दिसंबर 2023 से स्वीकार कर लागू कर दी जाएगी।

## कोर्ट केसों के संदर्भ में :—

माननीय सदस्यगण जैसा कि आपको विदित ही है कि विगत कई वर्षों से सभा कोर्ट केसों में उलझी हुई है। पूर्व एवं वर्तमान कार्यकारिणी की ऊर्जा एवं अमूल्य समय व्यर्थ हो रहा है। खुशी की बात यह है कि वर्तमान कार्यकारिणी के प्रयासों एवं सभा के अधिवक्ता एवं माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री संजय शर्मा दरमोड़ा जी के प्रयासों से 90 लाख रु. की राशि माननीय न्यायालय ने सितंबर, 2023 के आदेश संख्या 58060 में रवि कमल गुप्ता को जमा करवाने को कहा है। माननीय न्यायालय ने अपने आदेश में 15 लाख रु. अक्टूबर एवं 15 लाख रु. नवम्बर, 2023 में जमा कराना होगा और यह राशि प्राप्त हुई है। शेष 60 लाख रु. को प्रति माह 10 लाख रु. देना होगा। यह पूरी राशि माननीय न्यायालय में जमा होगी।

गढ़वाल हितैषिणी सभा ने नवंबर, 2021 से सभा की कानूनी प्रक्रिया में अब तक का खर्चा शून्य रहा है। इस रिपोर्ट और सदन के माध्यम से मैं आदरणीय संजय दरमोड़ा जी का आभार प्रकट करता हूँ कि सभा के हर वर्ष लाखों रुपये अधिवक्ताओं की फीस पर व्यय होने वाले भारी वित्तीय बोझ से सभा को निजात दिलवाई।

**कोर्ट केसों की वर्तमान स्थिति निम्नलिखित है ।**

**CS No. 58810/2016— ग.हि.स. बनाम मैसर्स इकॉनोमी सेल** :— सभा द्वारा पजेशन (कब्जा) हेतु सेल वाले पर यह मुकदमा साल 2008 में दायर किया गया था। सभा ने सभी साक्ष्य/दस्तावेज अदालत में जमा कर दिये हैं जिस पर माननीय न्यायालय में सुनवाई लंबित है। इस केस की अगली तारीख (Date of Hearing) 15 जनवरी 2024 को मुकर्रर हुई है ।

**CS No.58311/2016 — मैसर्स इकॉनोमी सेल बनाम ग.हि.स.** :— यह केस सेल वाले रवि कमल गुप्ता ने 85 लाख रुपये की रिकवरी हेतु सभा पर दायर किया हुआ है। यह केस साक्ष्य एवं बहस हेतु अदालत के समक्ष विचाराधीन है। इस केस की अगली तारीख 15 जनवरी 2024 को मुकर्रर हुई है।

**CS No. 2896 /2014—मैसर्स इकॉनोमी सेल बनाम ग.हि.स.** :— वर्ष 2014 की तत्कालीन कार्यकारिणी ने भवन के मुख्य गेट को सेल वाले के ग्राहकों को रोकने के उद्देश्य से आम आवाजाही के लिए बंद कर दिया था जिस पर इकोनॉमी सेल के मालिक रवि कमल गुप्ता ने सभा पर कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया था। जो कि सुनवाई के लिए अदालत में विचाराधीन है। इस केस की अगली तारीख 15 जनवरी 2024 मुकर्रर हुई है।

**FIR No. 272/2014** :— इस केस में सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री गंभीर सिंह नेगी एवं अन्य के विरुद्ध सेल वाले की ओर से तथाकथित

व्यवधान उत्पन्न करने हेतु मंदिर मार्ग थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी । यह केस न्यायिक मजिस्ट्रेट पटियाला हाउस कोर्ट में विचाराधीन है।

**CA No.247/2019—एनडीएमसी बनाम ग.हि.स.** :— 2005 से चल रहे मिसयूज के इस केस में तत्कालीन कार्यकारिणी द्वारा 01 अक्टूबर 2019 में उप—जिला सत्र न्यायाधीश के निणर्य के विरुद्ध ऊपरी अदालत में चुनौती न देने का फैसला किया था। वर्तमान कार्यकारिणी ने इस केस को सभा हित में लड़ने का फैसला किया और अदालत में फैसले के खिलाफ अपील दायर करने हेतु प्रार्थना पत्र दाखिल किया। सभा को मिसयूज से बरी करने हेतु अपील कर अदालती कार्यवाही प्रारम्भ बचाव हेतु अदालत में दस्तावेज जमा करवाये। इस केस की अगली तारीख 29 जनवरी, 2024 को मुकर्रर हुई है।

**FIR No.110/2008**:— सेल वाले गुप्ता और सभा के मध्य हुए अनुबंध पत्र में की गयी कटिंग (Tempering) के बावत दर्ज शिकायत न्यायिक मजिस्ट्रेट पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हेतु लंबित है

माननीय सदस्यों सभा के वित्तीय कार्यों के लेखा—जोखा का निष्पादन पूरी सतर्कता, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ सभा के कोषाध्यक्ष श्री गुलाब सिंह जयाड़ा जी द्वारा संचालित किये जा रहे हैं। सभा के वित्तीय कार्यों को आंतरिक लेखा निरीक्षक श्री नारायण सिंह रावत जी द्वारा हर महीने जांचा जाता है। साथ ही वित्तीय कार्यों का वार्षिक ऑडिट/ निरीक्षण सभा द्वारा नियुक्त चार्टर्ड अकाउटेंट टी. प्रसाद एंड कंपनी द्वारा किया जाता है। महासचिव रिपोर्ट के पश्चात कोषाध्यक्ष श्री गुलाब सिंह जयाड़ा जी द्वारा वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल, 2022—2023 की ऑडिट रिपोर्ट तथा 1 अप्रैल से 30 नवम्बर, 2023 तक की आय—व्यय की अंतरिम रिपोर्ट आपके समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जायेगी।

मान्यवर जैंसा कि सर्वविदित ही है कि गढ़वाल भवन देश की राजधानी दिल्ली में प्रवासी गढ़वाली समाज की अस्मिता तथा सांस्कृतिक, साहित्यिक व सामाजिक गतिविधियों के प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अपनी पहचान बनाता जा रहा है। पूर्वजों की इस अमूल्य धरोहर को हमें संजोकर रखने के साथ—साथ अपनी आने वाली पीढियों के लिए एक ऐसी विरासत का निर्माण करना है जिस पर भविष्य की नौजवान पीढियां गर्व कर सकें।

मान्यवर, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए सभा को विभिन्न कार्यों के सुचारु व समयबद्ध निष्पादन हेतु 10 समितियों का गठन किया गया। सभी सदस्यों को स्वेच्छा से समिति चुनने का अवसर दिया गया। सभा की संवैधानिक सामाजिक गतिविधियों को पारदर्शिता व सुचारू रूप से संचालित करने में मुझे सभा के पदाधिकारियों, समस्त कार्यकारिणी का पूर्ण सहयोग व समर्थन मिला जिसके लिए मैं सबका ह्रदय से धन्यवाद व आभार प्रकट करता हूँ। सलाहकार मंडल के सदस्यों का भी समय—समय पर मार्गदर्शन मिला आपकी सलाह/सुझाव/प्रस्ताव हेतु मैं सभी माननीय सदस्यों का भी ह्रदय से हार्दिक धन्यवाद करता हूँ साथ ही भविष्य में भी आपसे इसी तरह सहयोग की अपेक्षा करता हूँ।

अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकाल कर महासमिति में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का पुनः धन्यवाद करता हूँ। भवन एवं सभा हित में आपकी सलाह व सुझावों का हमेशा स्वागत है। विगत एक वर्ष में सभा गतिविधियों की रिपोर्ट आपके समक्ष अवलोकनार्थ व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। इसी के साथ मैं अपनी रिपोर्ट को विराम देता हूँ।

**शुभकामनाओं सहितः—**



**(मंगल सिंह नेगी)**
**महासचिव, कार्यकारी (अवैतनिक)**
**दिनांकः—24 दिसम्बर, 2023**
**गढ़वाल भवन, नई दिल्ली**

# राष्ट्रीय समाचार पत्रों में सभा गतिविधियों की सुर्खियां

### दिल से दिल्ली

**मिंटो रोड-सरोजिनी नगर के गढ़वाली**



**गढ़वाल हितैषिणी सभा से गढ़वाल हीरोज तक**



**गढ़वाली नाटकों की रिहर्सल और मंचन**

देखें हमारी वेबसाइट nbtdilsedilli.com

महानगर : महाकवरेज

### दिल से दिल्ली



**एक सदी का सफर गढ़वाल हितैषिणी सभा का**



**किनके प्रयासों से बना गढ़वाल भवन**

**कब जुटते सब गढ़वाल भवन में**

देखें हमारी वेबसाइट nbtdilsedilli.com

---

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 16 जनवरी 2023

कम्युनिटी कनेक्ट

## उत्तराखंड के ग्रामीण अंचलों में छिपी महिला कलाकारों को साथ लाया योग

Poonam.Bisht@timesgroup.com

■ नई दिल्ली: 'पहाड़ों पर लोगों को योग से जोड़ना आसान नहीं था, इसलिए हमने रामलीला मंचन शुरू किया। योग सीखते-सिखाते ग्रामीण अंचल की कई ऐसी महिलाओं से जुड़ी, जिनमें अभिनय की प्रतिभा थी। इस तरह तैयार हुई हमारी महिला कलाकारों की मंडली...' यह कहना है दिल्ली के गढ़वाल भवन में दस दिन तक रामलीला मंचन करने वाली महिला कलाकारों की टीम की अगुआ लक्ष्मी पंवार शाह का। केदारघाटी से आईं केदार बद्री मानव श्रम समिति की महिला कलाकारों ने 2 जनवरी से 12 जनवरी तक पंचकुइयां रोड पर गढ़वाल भवन में मंचन किया था।



> गढ़वाल भवन में केदार घाटी की महिलाओं ने दस दिन तक की रामलीला

उत्तराखंड के ग्राम कोटकी निवासी लक्ष्मी पंवार शाह कहती हैं, 2017 में महिला कलाकारों के जरिए रामलीला मंचन का यह सिलसिला शुरू किया और तब से अब तक 13 बार अलग-अलग इलाकों में जाकर हमारी महिला कलाकार रामलीलाएं कर चुकी हैं। अब अगला पड़ाव अयोध्या है। लक्ष्मी खुद भी एक टीचर हैं और पतंजलि से जुड़ी हैं।

**लक्ष्मी की टीम में कई महिलाएं हैं**

केदार बद्री मानव श्रम समिति की इन महिला कलाकारों में एक नाम है लक्ष्मी रावत का। वह रावण का किरदार निभाती हैं। कर्णप्रयाग के ग्राम नोटी की रहने वालीं लक्ष्मी गृहिणी हैं। वह कहती हैं, मैं बहुत बीमार पड़ी थी और तब योग ने मुझे संभाला और मुझे आज इस स्थिति में ला दिया कि मैं मंच पर हूं। रामलीला की रिहर्सल कभी साथ बैठकर नहीं की। वॉट्सऐप पर संवाद बोलकर प्रैक्टिस की। यहां दिल्ली में रामलीला करने आए तो रोज साथ उठने-बैठने का अवसर मिल रहा है। रोज सुबह 4 बजे उठकर स्नान के बाद हवन करते हैं।

कुछ कलाकार ऐसी भी हैं जो एक साथ कई किरदार निभा रही हैं। इनमें एक हैं वशिष्ठ मुनि के वेश में बैठीं तनुजा मैठाणी जो इससे पहले परशुराम, खर, विभीषण और अहिरावण का किरदार भी कर चुकी हैं। दशहरे के वक्त रामलीला करने क्यों नहीं आए, इस पर राम का किरदार निभा रहीं चमोली निवासी राजेश्वर पंवार कहती हैं, मैं खुद टीचर हूं और हमारे साथ कई टीचर, कस्बों और गांवों में रहने वाली गृहिणियां भी हैं। सर्दियों में स्कूल से छुट्टी मिलती है, इसीलिए इस दौरान मंचन के लिए निकलती हैं।

कोटद्वार में यही रामलीला की तो पांच हजार दर्शक पहुंचे थे। 38 कलाकारों की अपनी टीम के साथ आईं लक्ष्मी पंवार शाह महिलाओं को संदेश देना भी नहीं भूलतीं। वह कहती हैं, महिलाएं नौकरीपेशा हों या गृहिणी, सबसे पहले उनका खुश रहना जरूरी है। वे सकारात्मक सोच रखें, अपना खानपान अच्छा रखें और अपनी संस्कृति से जुड़ी रहें तो बहुत कुछ कर सकती हैं।



रामलीला के सभी किरदार महिलाएं निभाती हैं

---

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 9 जनवरी 2023

**हमें भेजें कम्युनिटी की खबरें**

आप भी अपनी कम्युनिटी की खबर हमें भेज सकते हैं। हम उसे अखबार में प्रकाशित करेंगे। हमें मेल करें और सब्जेक्ट में लिखें Community

ईमेल: nbtreader@timesgroup.com

## गढ़वाल भवन में खास रामलीला का मंचन



■ विस, नई दिल्ली: स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर गढ़वाल हितैषिणी सभा विशेष आयोजनों की कड़ी में पंचकुइयां रोड स्थित गढ़वाल भवन में रामलीला का मंचन करवा रही है। सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया कि इस रामलीला की विशेषता यह है कि इसका मंचन केदार बद्री मानव श्रम समिति की महिला कलाकार कर रही हैं। मंचन 2 जनवरी से शुरू हो गया था, जो 12 जनवरी तक चलेगा। [illegible]

> इसका मंचन 2 जनवरी से शुरू हो गया था, जो 12 जनवरी तक चलेगा

# राष्ट्रीय समाचार पत्रों में सभा गतिविधियों की सुर्खियां

दैनिक भास्कर

## गढ़वाल हितैषिणी सभा के 100 वर्ष होने पर 29 को दिल्ली के गढ़वाल भवन में भव्य कार्यक्रम

**भास्कर समाचार सेवा**

**नई दिल्ली।** गढ़वाल हितैषिणी सभा के गौरवपूर्ण 100 वर्ष होने पर दिल्ली में शुभारंभ होने जा रहा है। शताब्दी वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर 29 अक्टूबर को पंचकुइया रोड स्थित गढ़वाल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्तराखंडी पारंपरिक परिधान एवं आभूषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सौभागवति सम्मान, श्रीदेव सुमन वरिष्ठ नागरिक सम्मान से विभूषित नामों की घोषणा भी की जाएगी। गढ़वाल हितैषिणी सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया कि सभा पिछले 100 वर्षों से लगातार समाज कल्याण के कार्य करती चली आ रही है, जिनमें गरीब कन्याओं की शादी में मदद, ग्रामीण शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास और ग्रामीण स्वास्थ्य अभियान भी शामिल हैं। इस प्रेस वार्ता के अवसर पर सभा के महासचिव मंगल सिंह नेगी ने बताया कि बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल, केंद्रीय संस्कृति मंत्री मीनाक्षी लेखी व पर्यटन रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट शिरकत करेंगे। इस अवसर पर संयोगिता ध्यानी, अनिल कुमार पंत, गुलाब सिंह जयड़ा मौजूद थे।

दैनिक जागरण

## गढ़वाल हितैषिणी सभा का भव्य कार्यक्रम



गढ़वाल हितैषिणी सभा के गौरवपूण 100 साल पूरे होने पर शताब्दी वर्ष के रुप मे मनाएगा. इस दौरान गढ़वाल भवन मे सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्तराखंडी पारंपरिक परिधान एवं आभूषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा. इस अवसर पर सौभागवति सम्मान, श्रीदेव सुमन वरिष्ठ नागरिक सम्मान से विभूषित नामों की घोषणा की जाएगी. गढ़वाल हितैषिणी सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया कि सभा पिछले 100 सालों से लगातार समाज कल्याण के काय करती चली आ रही है. जिनमे गरीब कन्याओं की शादी मे मदद, ग्रामीण शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास और ग्रामीण स्वास्थ्य अभियान भी शामिल है

पंजाब केसरी DELHI 6 स्थानीय 21 अगस्त, 2023

## गढ़वाली मेधावी छात्र के लिए सम्मान समारोह



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : गढ़वाल हितैषिणी सभा में रविवार को वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि गढ़वाल मूल के दिल्ली एवं एनसीआर में रह रहे 120 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा, (शैक्षणिक सत्र-2022-23) में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं, उनहें सम्मानित किया गया। 12वीं में अनुराग सिंह ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जहां नाम किया वहीं 10वीं में हर्षिता चंद्रा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त उत्तराखंड का नाम रोशन किया। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि आईएएस, मंगेश घिल्डियाल एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर वी.एस.नेगी, जीतराम भट्ट एवं समाजसेवी डा. विनोद बछेती मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में लगभग 400 से जयादा लोग मौजूद थे। गढ़वाल हितैषिणी सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की बधाई दी। इस मौके पर मंच का सञ्चालन महासचिव मंगल सिंह नेगी एवं सचिव दीपक दिवेदी ने किया। इस मौके पर गढ़वाल हितैषिणी सभा का शताब्दी वर्ष टाइटल गीत लांच किया गया, जो की गढ़ रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी द्वारा रचित और संगीतबद्ध है साथ ही गढ़वाल हितैषिणी सभा ने अपना कम्युनिटी ऐप भी लांच किया, जिसके द्वारा उत्तराखंड के लाखों लोग इससे जुड़ सकते हैं।

पंजाब केसरी
युवा भारत युवा अखबार
PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

## गढ़वाली मेधावी छात्र के लिए सम्मान समारोह



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : गढ़वाल हितैषिणी सभा में रविवार को वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि गढ़वाल मूल के दिल्ली एवं एनसीआर में रह रहे 120 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा, (शैक्षणिक सत्र-2022-23) में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं, उनहें सम्मानित किया गया। 12वीं में अनुराग सिंह ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जहां नाम किया वहीं 10वीं में हर्षिता चंद्रा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त उत्तराखंड का नाम रोशन किया। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि आईएएस, मंगेश घिल्डियाल एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर वी.एस.नेगी, जीतराम भट्ट एवं समाजसेवी डा. विनोद बछेती मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में लगभग 400 से जयादा लोग मौजूद थे। गढ़वाल हितैषिणी सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की बधाई दी। इस मौके पर मंच का सञ्चालन महासचिव मंगल सिंह नेगी एवं सचिव दीपक दिवेदी ने किया। इस मौके पर गढ़वाल हितैषिणी सभा का शताब्दी वर्ष टाइटल गीत लांच किया गया, जो की गढ़ रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी द्वारा रचित और संगीतबद्ध है साथ ही गढ़वाल हितैषिणी सभा ने अपना कम्युनिटी ऐप भी लांच किया, जिसके द्वारा उत्तराखंड के लाखों लोग इससे जुड़ सकते हैं।

# राष्ट्रीय समाचार पत्रों में सभा गतिविधियों की सुर्खियां

NBT नवभारत टाइम्स

गुरपूरब दियां लख-लख वधाइयां

## नरेंद्र सिंह नेगी से लेकर जुबिन नौटियाल के गानों ने जीते दिल

# बधै हो बधाई, शतायु व्हे ग्याई... पहाड़ी सुरों पर खूब झूमे लोग

Poonam.Bisht@timesgroup.com

■ नई दिल्ली: 'गढ़वाल हितैषिणी सभा' के शताब्दी वर्ष महोत्सव 'विरासत' में आज मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल के सुरों से दिल्ली का तालकटोरा स्टेडियम गूंज उठा। मंच पर पहुंचते ही सबसे पहले जुबिन नौटियाल ने उत्तराखंड की सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के सकुशल रेस्क्यू के लिए सबसे प्रार्थना करने की गुजारिश की। उसके बाद अपने चिर परिचित अंदाज में सबसे पहले अपना गीत 'मेरी चौखट में चलके आज चारो धाम आए हैं' प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

सिंगर रेशमा शाह ने भी अपना परफॉरमेंस दिया। इसके अलावा रेखा धस्माना उनियाल और लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी ने उत्तराखंडी गीत प्रस्तुत किए। गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी के लिखे गीत बधै हो बधाई, शतायु व्हे ग्याई.. पर शानदार प्रस्तुति दी गई।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो संदेश के माध्यम से सभी उत्तराखंड वासियों को शताब्दी वर्ष महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान 'गढ़वाल हितैषिणी सभा' के 100 वर्ष पर एक डॉक्यूमेंट्री और 'विरासत 2023' स्मारिका का विमोचन भी किया गया। समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा उत्तराखंडी पारम्परिक परिधान और आभूषण प्रतियोगिता, उत्तराखंडी व्यंजन प्रतियोगिता और चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ। उत्तराखंड की विभूतियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया इस महोत्सव का मकसद उत्तराखंड की विरासत को सहेजना है। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया, सांसद नरेश बंसल, सभा के महासचिव मंगल सिंह नेगी, करावल नगर के विधायक मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, तीरथ सिंह रावत, विधायक किशोर उपाध्याय, कांग्रेस नेता हरिपाल रावत, राजकुमार पोरी मौजूद थे।





तालकटोरा स्टेडियम में हुआ शताब्दी वर्ष महोत्सव 'विरासत', दिखे उत्तराखंड के कई रंग

### पहाड़ी व्यंजनों का लुत्फ

लोकसंगीत के साथ ही लोगों ने इस मौके पर लगे फूड फेस्ट का भी आनंद लिया। वेज और नॉन वेज के कई ठेठ पहाड़ी व्यंजनों की कई स्टॉल्स लगी थी। पड़यार सिस्टर्स की स्टॉल में परांठों के साथ टिहरी की तड़का छांछ 'फ्ल्लर' मिल रही थी तो संगम विहार से आई जीवंती बिष्ट लोवेट रोट जैसे स्पेशल आइटम लाई थी।

NBT नवभारत टाइम्स

ट्रंप ने कहा, ...तो मुस्लिमों पर प्रतिबंध लगाऊंगा ▸p9

महुआ बोलीं, कैश लेने के BJP के आरोप फर्जी ▸p13

www.navbharatgold.com

# उत्तराखंड की परंपराओं और संस्कृति का जश्न, पहाड़ी स्वाद के चटखारे

Poonam.Bisht@timesgroup.com

■ नई दिल्ली: गढ़वाल हितैषिणी सभा के 100 साल पूरे होने पर रविवार को दिल्ली के पंचकुइयां रोड पर गढ़वाल भवन में शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड के लोग हर जगह अपने नाम और काम से देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। गढ़वाल हितैषिणी सभा लोगों को उनकी भाषा और संस्कृति से जोड़ रही है और उसे उनके दिलों में बिठा रही है। इस पर हम सबको गर्व होना चाहिए।

> उत्तराखंड के लोगों ने हर जगह अपने काम से देश को गौरवान्वित किया: अजय भट्ट

इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली उत्तराखंड की शख्सियतों को सौभाग्यवती सम्मान और वरिष्ठ नागरिक सम्मान से विभूषित किया गया। इसके साथ ही उत्तराखंडी पारम्परिक परिधान और आभूषण प्रतियोगिता, उत्तराखंडी व्यंजन प्रतियोगिता और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। पिछले 100 साल के दौरान उत्तराखंड के लोगों के अलग-अलग क्षेत्र में दिए गए योगदान को एक चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि सभा उत्तराखंड की परंपरा को आगे बढ़ाकर बहुत ही गौरवपूर्ण काम कर रही है। इस अवसर पर पीएमओ में तैनात आईएएस मंगेश घिल्डियाल, टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय समेत दिल्ली और उत्तराखंड के अनेक नेताओं की उपस्थिति रही। गढ़वाल हितैषिणी सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया कि सभा पिछले 100 वर्षों से लगातार समाज कल्याण के कार्य करती चली आ रही है और इनमें ग्रामीण स्वास्थ्य अभियान भी शामिल है।





पंचकुइयां रोड पर बने गढ़वाल भवन में शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ किया गया

### अलसी लूण, कुल्थ कबाब से लेकर शिकार भात

गढ़वाल भवन में रविवार को शताब्दी वर्ष समारोह में पहाड़ी व्यंजनों की काफी वैरायटी देखने को मिली। शालीमार बाग से आई पड़्यार सिस्टर्स ने लोगों को शिकार भात, मछु फ्राई, कुल्थ कबाब खिलाया तो नंद भौजी रसौड ने कोदे के पकौड़े से लेकर भट की चटनी, थिचोनि सर्व की। रोशनी चमोली, जिवंती बिष्ट, प्रेमा रौतेला, मंजू देवी की टीम ने हाथ से बनाया काकड़ रायता, आलू मेथी तड़का से लेकर कई तरह के पहाड़ी नमक की स्टॉल लगाई।

राष्ट्रीय सहारा

नई दिल्ली सोमवार • 30 अक्टूबर • 2023

www.facebook.com/rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www.rashtriyasahara.com

रजनीकांत, अमिताभ ने 'ज्ञानवेल' की शूटिंग की पेज 14

# उत्तराखंडवासियों ने देश को किया गौरवांवित : भट्ट

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

गढ़वाल हितैषिणी सभा के गौरवशाली 100 वर्ष पूरे होने पर रविवार को पंचकुइया रोड स्थित गढ़वाल भवन में शताब्दी वर्ष का शुभारंभ किया गया। केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड के लोग हर जगह अपने नाम और काम से देश को गौरवान्वित कर रहे हैं।

गढ़वाल हितैषिणी सभा लोगों को उनकी भाषा और संस्कृति से जोड़ रही है और उसे उनके दिलों में बिठा रही है, इस पर हम सबको गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुंबई के वसई में बद्रीनाथ मंदिर है, जिसे उत्तराखंडवासियों ने बनाया है। उत्तराखंडियों ने देश-विदेश तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। देश के पहले सीडीएस विपिन रावत भी उत्तराखंड से थे। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली उत्तराखंड की शख्सियतों को सौभाग्यवती सम्मान और वरिष्ठ नागरिक सम्मान से नवाजा गया। उत्तराखंडी पारम्परिक परिधान एवं आभूषण प्रतियोगिता, उत्तराखंडी व्यंजन प्रतियोगिता और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। पिछले 100 वर्षों के दौरान उत्तराखंड के लोगों के अलग-अलग क्षेत्र में दिए गए योगदान को चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से पेश किया। पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि सभा उत्तराखंड की परंपरा को आगे बढ़ाकर बहुत ही गौरवपूर्व काम कर रही है।

टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय, हरिलाल रावत समेत दिल्ली और उत्तराखंड के अनेक राजनीतिज्ञ और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थित थे। गढ़वाल हितैषिणी सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट अध्यक्ष ने बताया कि सभा पिछले 100 वर्षों से लगातार समाज कल्याण के कार्य करती चली आ रही है, जिनमें गरीब कन्याओं की शादी में मदद, ग्रामीण शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास और ग्रामीण स्वास्थ्य अभियान भी शामिल हैं।



■ गढ़वाल हितैषिणी सभा के 100 वर्ष पूरे होने पर गढ़वाल भवन में शताब्दी वर्ष का शुभारंभ

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

# गढ़वाल हितैषिणी सभा का आयोजन

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। गढ़वाल हितैषिणी सभा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर दिल्ली में समारोह का आयोजन हुआ।

पंचकुइया रोड स्थित गढ़वाल भवन में आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली उत्तराखंड की शख्सियतों को सौभाग्यवती सम्मान और वरिष्ठ नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्टा ने कहा कि उत्तराखंड के लोग हर जगह अपने नाम और काम से देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। गढ़वाल हितैषिणी सभा लोगों को उनकी भाषा और संस्कृति से जोड़ रही है।

दैनिक भास्कर

# जुबिन नौटियाल के सुरों से गूंज उठा दिल्ली का तालकटोरा स्टेडियम



**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। गढ़वाल हितैषिणी सभा के शताब्दी वर्ष महोत्सव विरासत में आज मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल के सुरों से दिल्ली का तालकटोरा स्टेडियम गूंज उठा। मंच पर पहुंचते ही सबसे पहले जुबिन नौटियाल ने उत्तराखंड की सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के सकुशल रेस्क्यू के लिए सबसे प्रार्थना करने की गुजारिश की। सिंगर रेशमा शाह ने भी अपना परफॉरमेंस दिया।

इसके अलावा रेखा धस्माना उनियाल और लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी ने उत्तराखंडी गीत प्रस्तुत किए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो संदेश के माध्यम से सभी उत्तराखंड वासियों को शताब्दी वर्ष महोत्सव की शुभकामनाएं दीं और साथ ही कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग तथा उत्तराखंड प्रशासन के हौंसले के बल पर सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही और जल्द ही सभी फंसे श्रमिक बाहर निकाल लिए जाएंगे। सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया इस महोत्सव का मकसद संगठन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूर्वजों को नमन करना और उत्तराखंड की विरासत को सहेजना है।

# सभा द्वारा शताब्दी वर्ष महोत्सव–2023 एवं अन्य कार्यक्रमों की झलकियां




पारंपरिक होली मिलन समारोह–2023



शताब्दी वर्ष वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली मेधावी छात्र सम्मान समारोह–2023
मुख्य अतिथि श्री मंगेश घिल्डियाल (आईएएस)



विरासत महोत्सव तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद गढ़वाल, श्री तीरथ सिंह रावत एवं सभा अध्यक्ष श्री अजय बिष्ट




विरासत महोत्सव तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में सभा के पूर्व अध्यक्षों का स्वागत करते हुए सभा अध्यक्ष श्री अजय बिष्ट




शताब्दी वर्ष विरासत 2023 में सुप्रसिद्ध गायक श्री जुबिन नौटियाल एवं कार्यकारिणी



विरासत महोत्सव–2023 तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में मुख्य अतिथि श्री नीरज सेमवाल (आईएएस) को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए सभा अध्यक्ष श्री अजय बिष्ट एवं महासचिव श्री मंगल सिंह नेगी




सभा की वर्तमान कार्यकारिणी



ग्रामीण शिक्षा अभियान के तहत विधायक श्री विनोद कंडारी एवं देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के दिल्ली भ्रमण पर आए मेधावी छात्र–छात्राओं का स्वागत



शताब्दी वर्ष चित्र प्रदर्शनी–2023



विरासत महोत्सव–2023 तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में गढ़रत्तन श्री नरेंद्र सिंह नेगी द्वारा संगीतमय प्रस्तुति